भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
मौखिक प्रश्न सं. †187
सोमवार, 5 अगस्त, 2024/14 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

थीम-आधारित पर्यटक सर्किट

†187. श्री वाई. एस. अविनाश रेड्डीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा आन्ध्र प्रदेश में कडप्पा जिले के विशेष संदर्भ में चयनित पर्यटन सर्किटों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इन परियोजनाओं का चयन थीम-आधारित पर्यटन सर्किटों के अंतर्गत करने का निर्णय लिया है, यदि हां, तो स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत आन्ध्र प्रदेश में, विशेषकर कडप्पा जिले में विकास के लिए कितने पर्यटन स्थलों की पहचान की गई है; और

(ग) प्रत्येक एकीकृत पर्यटन सर्किट के लिए अब तक प्रदान की गई वित्तीय सहायता की राशि, जारी की गई धनराशि और शुरू की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है तथा उन परियोजनाओं की स्थिति क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

*****

श्री वाई. एस. अविनाश रेड्डी द्वारा थीम-आधारित पर्यटक सर्किट के संबंध में दिनांक 05.08.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न सं. †187 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)' और 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक केंद्रीय क्षेत्र की अपनी योजनाओं के जरिए आंध्र प्रदेश राज्य सहित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों में सहायता प्रदान करता है । पर्यटन मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजनाओं के अंतर्गत तीन-तीन परियोजनाओं को स्वीकृति दी है । इसके अतिरिक्त 'केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक अपनी योजना के अंतर्गत पर्यटन मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश में दो परियोजनाओं को स्वीकृति दी है । स्वदेश दर्शन, प्रशाद और केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है ।

पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य तथा पर्यटन-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन स्थलों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को हाल ही में स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) का नया रूप दिया है । राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के परामर्श से और योजना दिशानिर्देशों के अनुसार मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश में 'गंडिकोटा' और 'अरक्कू-लम्बास्सिंगी' सहित स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत विकास हेतु देश में 57 गंतव्यों को चिह्नित किया है और अरक्कू- लम्बास्सिंगी में वित्तीय वर्ष 2023-24 में निम्नलिखित परियोजनाओं/हस्तक्षेपों को स्वीकृति दी है:

गंतव्य	**परियोजना/हस्तक्षेप का नाम**	**लागत (करोड़ रु. में)**	**भौतिक स्थिति**
अरक्कू-लम्बास्सिंगी	अराकू में बोर्रा गुफा का अनुभव	29.87	कार्यान्वयनाधीन

पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास' (सीबीडीडी) नामक एक उप-योजना के लिए दिशानिर्देश भी जारी किए हैं जिनके तहत पर्यटन मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश में 'नागार्जुन सागर' और 'अहोबिलम मंदिर' सहित देश में विकास हेतु 42 गंतव्यों को चिह्नित किया है । इसके अतिरिक्त मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश में प्रशाद योजना के अंतर्गत विकास हेतु 'अन्नावरम, जिला काकीनाडा' और 'वेदागिरि नरसिंह स्वामी मंदिर, जिला नेल्लौर' को चिह्नित किया है ।

*****

अनुबंध

श्री वाई. एस. अविनाश रेड्डी द्वारा थीम-आधारित पर्यटक सर्किट के संबंध में दिनांक 05.08.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न सं. †187 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

आंध्र प्रदेश में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:-

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परिपथ/ स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त/ प्राधिकृत राशि**	**भौतिक स्थिति**
1.	तटीय परिपथ 2014-15	काकीनाडा - होप द्वीप - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पसारलापुडी - अदुरू - एस यनम-कोटिपल्ली का विकास	67.83	67.83	पूर्ण
2.	तटीय परिपथ 2015-16	नेल्लौर - पुलिकट झील - उब्बलामादुगु जलप्रपात - नेलापट्टू - कोथाकोडुरु - मायपाडु - रामतीर्थम - इस्कापल्ली का विकास	49.55	49.55	पूर्ण
3.	बौद्ध परिपथ 2017-18	बौद्ध परिपथ: शालिहुंडम-बाविकोंडा-बोज्जनाकोंडा-अमरावती-अनूपु का विकास	35.24	30.03	कार्यान्वयनाधीन

आंध्र प्रदेश में प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:-

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**अनुमोदित लागत**	**निर्मुक्त राशि**	**भौतिक प्रगति**
1	अमरावती में तीर्थयात्री	2015-16	27.77	27.77	पूर्ण

	सुविधाओं का विकास				
2	श्रीशैलम मंदिर का विकास	2017-18	43.08	43.08	पूर्ण
3	सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	2022-23	54.04	13.69	कार्यान्वयनाधीन

आंध्र प्रदेश में पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	वर्ष	परियोजना का नाम	एजेंसी	स्वीकृत राशि	निर्मुक्त राशि	स्थिति
1.	2017-18	पुट्टपर्थी, आंध्र प्रदेश में लाइट एंड साउंड शो	आईटीडीसी	7.08	3.53	पूर्ण
2.	2018-19	पतनम पोर्ट के बाहरी बंदरगाह में चैनल बर्थ पर क्रूज बर्थ का निर्माण	विशाखापत्तनम पोर्ट ट्रस्ट	38.50	29.91	कार्यान्वयनाधीन

*****